# कार्यालय
## अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
### उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
ग्वाल मैदान, कन्नौज (209725)

E-Mail ID
ee_cd_kannuaj@yahoo.com
eecdupjnkannauj@gmail.com


पत्रांकः– 1062 / कार्य–3 / 85 दिनांकः– 13/05/26

सेवा में,

मुख्य अभियंता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ ।

**विषय- दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "उमर्दा में जल जीवन मिशन धरातल से लापताः खुली पाइपलाइनें बनीं हादसों का सबब, जिम्मेदार मौन" के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 13.05.2026 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "उमर्दा में जल जीवन मिशन धरातल से लापताः खुली पाइपलाइनें बनीं हादसों का सबब, जिम्मेदार मौन" के शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड उमर्दा की ग्राम पंचायत उमर्दा पेयजल योजना का निर्माण कार्य मैसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है।

फर्म के पत्रांक संख्या VSAIPPL-SMC JV/KANNAUJ/SWSM/2026-27/563 दिनांक 13.05.2026 द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम पंचायत उमर्दा जोन-1 पुनर्गठन पेयजल योजना ब्लाक उमर्दा में पूर्व निर्मित बाउन्ड्रीवाल , पम्प हाउस एवं अवर जलाशय के मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्वक कराते हुए सौर ऊर्जा अधिष्ठापित करा दिया गया है व पाइप लाइन बी0ओ0क्यू0 17747 मीटर के सापेक्ष कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं कनेक्शन बी0ओ0क्यू0 704 के सापेक्ष 681 पूर्ण कराये जा चुके हैं एवं जोन-2 में नया बाउन्ड्रीवाल व पम्प हाउस का निर्माण गुणवत्तापूर्वक कराते हुये अवर जलाशय का कार्य स्टेजिंग तक पूर्ण करा दिया गया है। पाइप लाइन बी0ओ0क्यू0 15681 मीटर के सापेक्ष कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं कनेक्शन बी0ओ0क्यू0 481 के सापेक्ष 389 पूर्ण कराये जा चुके हैं। खबर में दिखायी गयी पाइप लाइन की फोटो MDPE पाइप है जो कि मानक अनुसार घरेलू कनेक्शन हेतु पाइप निकालकर साइड में छोड़ी गयी है, जिसमें DI फिटिंग कार्य के दौरान छतिग्रस्त पाइप को फर्म द्वारा ठीक करने के उपरान्त ग्राउटिंग कर अण्डर ग्राउण्ड कर दिया जायेगा। उक्त ग्राम पंचायत में अवशेष कार्य प्रगति पर है। जल्द ही योजना के समस्त कार्य पूर्ण कराते हुए उक्त ग्राम पंचायत में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

संलग्नक – उपरोक्तानुसार

भवदीय
( वी0 पी0 सिंह )
for अधिशासी अभियन्ता

पत्रांकः– / / दिनांकः–

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1- प्रवन्ध निदेशक, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ ।
2- मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर ।
3- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर ।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner